तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 लंबी कतार से मिलेगा छुटकारा घर बैठे होगा ...





12 प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी सेवा केन्द्र में ...




## खबर संक्षेप



### स्थायी फरार वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बेमेतरा।** चौकी मारो पुलिस स्टाफ ने न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा धारा 138 एनआईए एक्ट के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी भूषण सिंह चौहान पिता पन्ना लाल चौहान 28 वर्ष पता वार्ड नं. 06 तालाब के पास ग्राम भिलौनी मारो थाना नांदघाट को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दरअसल बता दें कि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक साधराय कौशल देवनारायण साहू एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

### न्योता भोज में सीएसी संकुल हुए शामिल

**साजा।** विकासखण्ड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सोनपाण्डर में शाला अवलोकन के दौरान न्यौता भोज में सीएसी संकुल शामिल हुए। स्कूलों मे बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इससे बच्चों की उपस्थित बढ़ेगी एवं ग्रामीण बच्चों क़ो खाने मे विभिन्न चीजे मिल सकेगा। शासकीय प्राथ. शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सोनपाण्डर में न्योता भोज कार्यक्रम रखा गया। जिसमे स्वादिष्ट व संतुलित भोजन खा कर सभी आनंदित हुए। इस अवसर पर शाला परिवार के प्रधान पाठक, शिक्षकगण सहित सभी विद्यार्थी भी इस न्यौता भोज में का आनंद लिया गया।

### आज अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक

**बेमेतरा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की समीक्षा बैठक आज 5 मार्च को समय-सीमा के बैठक के पश्चात कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अल्पसंख्यकों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए प्रधानमंत्री का नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की जावेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

# आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की चाह, महतारी वंदन योजना से लक्ष्मी की जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने और समाज में महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठने में मदद करने उन्हें सबल बनाने के लिए केंद्र सरकार अनेक प्रकार की योजनाएं बनाती है फिर उन्हें सफलतापूर्वक समय पर संचालित भी करती रहती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भी इसी कड़ी में अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से गरीब महिलायें समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए, अपने क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की एक और उदाहरणपूर्वक कहानी स्थापित करेंगी। बेमेतरा की लक्ष्मी रंगारे की कहानी भी उन्हीं में एक है। उन्हें सरकार का पूरा साथ मिला। छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना के जरिए अपनी कड़ी मेहनत और उत्साह से भरी ज़िन्दगी में सकारात्मक परिवर्तन करेगी। लक्ष्मी के पति की मृत्यु वर्ष 2021 में हो गयी थी। उनका एक पुत्र व एक पुत्री है। पति टेलर्स की दुकान में काम करते थे। पति के आकस्मिक देहांत के बाद लक्ष्मी ने सिलाई का कामकाज सीखा। इसी आमदनी से घर का गुजरा करती है।

उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना की पूरी राशि सुकन्या समृद्धि योजना की किस्त जमा करेंगी, जो पति की मृत्यु के बाद जमा नहीं कर पायी हैं। पिछले तक़रीबन तीन साल से पैसों की तंगी के कारण किस्त नहीं दे पायी।

### पति के स्वर्गवास के बाद परिवार की संभाल रहीं जिम्मेदारी



#### नई सरकार से जगी आस

नई सरकार से आस जगी जो पूरी होगी, अब 1000 राशि का इंतज़ार है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उन लाखों महिलाओं की 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पहले 7 मार्च को आस पूरी करने जा रहे है । जिन्होंने महतारी वंदन योजना में आवेदन किया है। उनके बैंक खाते में सीधे 1000 रुपये आएंगे, इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

## जागरूकता : ग्रामीणों को किया जागरूक, अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

# ग्राम कामता व मुरता के बाजार में हमर पुलिस हमर बाजार का लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सामुदायिक पुलिसिंग के लिए एक नया अभियान “हमर पुलिस हमर बाजार” की शुरुआत किया गया है। जिसके माध्यम से आमजनो को जिले के हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना नवागढ स्टाफ ने ग्राम कामता एवं मुरता के हॉट/बाजार में आसपास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणों को चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों को नशा मुक्ति को लेकर बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। साथ ही यातायात के नियमो की जानकारी देते हुए बताया की यातायात सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना महत्पूर्ण आवश्यकता है ।इसके अलावा आमजनों को साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बतावे। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है।




# एसपी ने नांदघाट थाना का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना नांदघाट का औचक निरीक्षण कर सभी अधिकारियों व जवानों का मनोबल बढाए जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया। वहीं चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने रात्रि में गश्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गश्त सुदृढ करने और पेट्रोलिंग, काम्बिग गश्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियों कि चेकिंग करते हुए गली –मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने की हिदायत दी। थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। वहीं सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

- अवैध कार्यो पर लगाएं रोक, रात्रि गश्त में रहें मुस्तैद

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी व नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं बृजेन्द्र कुमार शास्त्री जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक का आयोजन जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में किया गया।

उक्त बैठक में आगामी नेशनल लोक अदालत की तैयारी व प्रचार प्रसार के संबंध में एवं राजस्व न्यायालय में लंबित पकरणों को लोक अदालत में निराकृत करने के विषय पर भी चर्चा की गई। राजस्व न्यायालयों में लंबित खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामलें, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, याददाश्त के आधार पर बंटवारों के मागले, कब्जे के अधार पर बंटवारे के मामले, सूखाधिकार से संबंधित मामले, विकय पत्र, दानपत्र वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले का निपटारा सरल तरीके से किया जा सकता है।

उक्त बैठक में उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा, जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी एवं जेल अधीक्षक दिनेश ध्रुव उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रम विभाग के अतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत नवीन योजना मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं अथवा आश्रित संतानों / दत्तक संतानों जो कि प्रतिभाशाली होने के बावजूद अर्थिक सहायता के अभाव से प्रतियोगी परीक्षाओं को पूर्ण करने में असमर्थ होते हैं, उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप शासकीय सेवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने हेतु कोचिंग उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सामाजिक श्रेणीगत परिवर्तन के अवसर उपलब्ध कराना और सशक्त बनाया जाकर समाज की विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसके तहत प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे- लोक सेवा आयोग ( पीएससी ) व्यावसायिक परीक्षा मंडल ( सीजी व्यापम), कर्मचारी चयन आयोग ( एसएससी) बैंकिंग ( आईबीपीएस ), रेलवे, पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 04 से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकातनुसार निःशुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जावेगा। यह सहायता वर्ष में केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी।

पंजीयन एवं योजना के आवेदन एवं विस्तारपूर्वक जानकारी हेतु सभी विकासखण्डों में संचालित श्रम संसाधन केन्द्र व जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय श्रम विभाग एवं श्रमेव जयते मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

- आर्थिक रुप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों को मिलेगी यह सुविधा

## नगर में हुआ नारी शक्ति वंदन मैराथन, महिलाओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सोमवार को नगर में नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन किया गया। रन फॉर नेशन, रन फॉर मोदी को लेकर ये मैराथन आयोजित की गई। मैराथन का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा ने किया। इस आयोजन द्वारा मोदी सरकार में महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों और योजनाओं को लोगों से साझा किया गया। मैराथन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार में जिस तरीके से महिला शक्ति को बढ़ावा दिया है। इसकी झलक पूरे देश में देखने को मिल रही है। 2014 -15 आर्म्ड फोर्स में केवल 3 हजार महिला अधिकारी थी। आज उनकी संख्या 10 हजार से ज्यादा है। उज्ज्वला योजना के तहत 12 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा मकान दिए गए. इसमें 66 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। जन धन योजना में भी 55 प्रतिशत से ज्यादा खाता महिलाओं के खोले गए हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश है देश की नारी सशक्त होगी तो हमारा समाज सशक्त होगा। महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु राय ने कहा कि नारी शक्ति वंदन मैराथन के माध्यम से मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा है। साथ ही यह भी बताने का प्रयास किया गया है कि और भी कई कार्य कर रहे हैं जिसके लिए हमें आगे भी मोदी सरकार की जरूरत है।

इस दौरान लक्ष्मी साह, जमीन बनछोर, हेमिन साहू, ममता साहू, नीतू कोठारी, पिंकी गुप्ता, नमिता सिन्हा, विजय सिन्हा, हर्ष तिवारी, विकास तम्बोली सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- पीएम मोदी ने उठाए नारी सशक्तिकरण के कदम : जोशी
- भाजपा महिला मोर्चा ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन



## समाज की प्रतिभाओं को किया गया पुरस्कृत, सम्मानित

# गुरु घासीदास सम्मान समारोह 2024 का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

रविवार को साजा ब्लाक सतनामी समाज के अधिकारी-कर्मचारी एवं अध्यक्ष संतभवन संचालन समिति साजा के संयुक्त तत्वावधान में परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास सम्मान समारोह 2024 का आयोजन पुराना बाजार चौक दुर्गा मंच में किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सेवाराम टंडन द्वारा बताया गया कि समाज हित में हमेशा मिल जुलकर कार्य करना चाहिए। तारनदास भारती ने समाज के विकास के लिए सभी से मार्गदर्शन की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कर रहे एम.आर. भारद्वाज ने कहा कि समाज में शिक्षा का होना महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने का निरंतर प्रयास करना होगा।





**समाज को आगे बढ़ाने सभी एकजुट हों :** विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतादेवी मांडले द्वारा समाज हित में निरंतर सहयोग देने की बात कही गई। मुख्य अतिथि सांवलाराम डाहरे द्वारा समाज को संगठित रहकर कार्य करने कहा गया। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को साल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन भारतभूषण टंडन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांवलाराम डाहरे (पूर्व विधायक अहिवारा) विधानसभा, अध्यक्षता एम.आर. भारद्वाज (सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर), विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीता देवी मांडले (अध्यक्ष सतनामी समाज बेमेतरा) उपस्थित रही। इसके अलावा शिक्षकगण रविन्द्र बंजारे, चित्रकेतु डहरिया, प्रदीप कोसले, ढुलुराम चतुर्वेदी, रोहित सोनवानी, हिरदेराम गेण्डेकर, हेमंत टंडन, संतोष जांगडे, नंदकुमार मस्तके, विष्णुदास गेंण्ड्रे, धर्मेन्द्र गायकवाड, डुनेश कुर्रे, रेखा मनहर, चंद्रकली टंडन, अश्वनी कोसले, हेमंत वंजारे, दिलीप बंजारे, जागेश्वर बंजारे, कल्याण दास बंजारे सहित बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

समाज के प्रतिभावान छात्र डॉ. प्रियांशु टंडन एम.बी.बी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण किया, कु. भूमिका कक्षा 12वीं, कु. अनिता कक्षा 12 वीं एवं कोमल 10वीं कक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। इन छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बेमेतरा जिले के सामाज के छात्रों को जे.के. घृतलहरे (डाइट प्रचार्य बेमेतरा) एवं रामकुमार भारती (संचालक इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा) द्वारा 10-10 हजार रूपये पुरस्कार दिया जाएगा।

### हमला कर फरार होने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

**भिलाई।** दौड़ा-दौडाकर दारदार हथियार से हमला कर फरार होने वाले भाजपा नेता समेत एक अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 307, 324,326,34 भादवि 25,27 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि क्वाटर नंबर 6बी, सड़क 19 ए, सेक्टर 5 भाजपा नेता निवासी रंजीत सिंह, रणवीर सिंह, यकिशोर सिंह उर्फ चिंटू ने मिलकर पारिवारिक विवाद के चलते सेक्टर 4 निवासी रजत प्रताप सिंह पर हमला कर फरार हो गए थे।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को रायपुर की ओर जा रहे थे।



पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नेशनल चैंपियनशिप में अंकित ने जीता मेडल



दुर्ग। दो दिवसीय जु जित्सू सीनियर नेशनल चैंपियनशिप उत्तराखंड के देहरादूनमें आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग जिला से वाय अंकित 65 किग्रा वेट कैटिगरी में जु जित्सू फाइटिंग इवेंट एवं कांटेक्ट फाइट सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंकित कोच रंजन दे के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ले रहे हैं। वाय अंकित की इस उपलब्धि पर सेक्रेटरी देवा साहू, आशीष चंद्राकर, संजय साहू, अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टर सुनील वैष्णव, डीएसपी शिवकुमार निषाद, पार्षद अरुण सिंह ने अंकित की उपलब्धि पर बधाई दी है।

### जॉब फेयर में 632 युवाओं का चयन

दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सृजन रोजगार अभियान व जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संकल्प परियोजना के अंतर्गत संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा पालीटेक्निक और आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विजय ध्रुव ने बताया कि भिलाई कैम्पस आर-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक, इस्कोल, इसकेटीच, सिम्प्लेक्स, बजाज मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियों सहित कुल 20 कंपनियों द्वारा 2700 रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिए गए। इसमें कुल 632 विद्यार्थियों का चयन हुआ। 125 विद्यार्थी शॉर्ट लिस्ट किए गए।

### भिलाई में बनेगा सामुदायिक भवन

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा भिलाई नगर विधानसभा के 08 कार्यों के लिए 48 लाख 18 हजार 854 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 40 आईटीआई ग्राउण्ड आंगनबाड़ी के समीप सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख 99 हजार 605 रूपए, वार्ड 46 जीरो प्वाईंट पर दो नग सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 15 लाख 99 हजार 807 रूपए, वार्ड 48 खुर्सीपार मांझी चौक राजभर मोहल्ला के समीप सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 99 हजार 546 रूपए एवं वार्ड 46 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार भिलाई अक्कूपल्ली युवाजन चौक के समीप सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 3 लाख 99 हजार 960 रूपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार वार्ड 43 बापू नगर खुर्सीपार भिलाई गुरूद्वारा के समीप सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रूपए, वार्ड 40 छावनी भिलाई उदय इंग्लिश मिडियम स्कूल के सामने पेयजल हेतु वाटर कूलर स्थापना कार्य के लिए 99 हजार 873 रूपए, वार्ड 61 सेक्टर 6 स्वामी आत्मानंद शा अंग्रजी मा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए एवं वार्ड 65 सेक्टर 10 भिलाई चर्च ऑफ क्राइस्ट के समीप सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### बुढ़ापारा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने शनिवार शाम हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंडल के बाकी केंद्रों के सदस्य संतश्री गजानन महाराज प्रकट महोत्सव के विभिन्न आयोजनों में व्यस्त रहे। आध्यात्मिक और योग समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि 9 जनवरी से प्रति शनिवार को समीपस्थ मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का अभियान बुढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने सतत जारी रखा है। इसमें महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों के अलावा मंदिर आने वाले भक्तजन भी स्वस्फूर्त शामिल हो रहे हैं।

# अब सुधरेंगे बगीचों के 28 आउटडोर ओपन जिम, रायपुर की एजेंसी को ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में 28 आउटडोर ओपन जिम में खराब पड़े एक्सरसाइज के अलग-अलग तरह के उपकरणों को दुरुस्त कराया जाएगा। नगर निगम के योजना विभाग ने ओपन जिम के मेंटेनेंस के लिए रायपुर की एजेंसी को ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी शहर के अलग-अलग इलाकों में लगवाए गए आउटडोर ओपन जिम की देखभाल 3 साल तक करेगी। ओपन जिम में 11 तरह के इक्विपमेंट आम जनता की सेहत के लिए लगाए गए हैं, जिनका उपयोग शहरवासी निशुल्क कर सकते हैं। दरअसल, शहरी सरकार ने लोगों को सेहतमंद बनाने 4 साल पहले 28 जगहों पर आउटडोर ओपन जिम की सुविधा प्रारंभ की थी। जहां सुबह-शाम कसरत करने वालों के लिए 11 अलग-अलग तरह के आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए गए। इसका उपयोग कोई भी व्यक्ति बिना शुल्क दिए कर सकता है। आउटडोर ओपन जिम लगाने वाली एजेंसी को शुरुआत में 3 साल तक फिटनेस उपकरणों के देखरेख व मरम्मत का जिम्मा अनुबंध की शर्त में शामिल रहा। समय अवधि समाप्त होने के बाद ओपन जिम में लगाए गए कीमती उपकरणों के मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देने से लोगों की सेहतमंदी के लिए लगाए गए उपकरणों में जंग लगने, नट बोल्ट घिसने, ग्रीसिंग समय पर नहीं होने जैसी समस्या आई। लोगों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन कार्यालय और नगर निगम मुख्यालय तक इसकी शिकायत की। जनशिकायत के बाद पूर्व निगम आयुक्त ने 28 आउटडोर ओपन जिम के उपकरणों की देखरेख और मरम्मत का काम प्रमुखता से कराने योजना विभाग के अफसरों को निर्देशित किया था। योजना विभाग ने टेंडर कर रायपुर की एजेंसी को 3 साल की समयावधि तक ओपन जिम इक्विपमेंट मेंटेनेंस का ठेका दिया है।

## खराब पड़े एक्सरसाइज के उपकरणों की सुधरेगी हालत

### तीन साल मेंटेनेंस

रायपुर की एजेंसी 28 आउटडोर ओपन जिम के मेंटेनेंस का कार्य करेगी। इसके लिए 3 साल की समयसीमा तय है, साथ ही 55 अन्य ओपन जिम मेंटेनेंस के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

**राजेश शर्मा**, अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर



### मेंटेनेंस के लिए मिली स्वीकृति

शहर के विभिन्न स्थानों पर 55 आउटडोर ओपन जिम ऐसे हैं, जिनमें एक्सरसाइज के लिए 10 तरह के इक्विपमेंट इंदौर की एजेंसी ने साल 2018 में लगाए थे। वर्ष 2021 में इन ओपन जिम के उपकरणों की देखरेख व मरम्मत की समयावधि समाप्त हो गई। 2 साल तक इन आउटडोर ओपन जिम में लगाए गए मशीनों को नजरअंदाज करने के बाद अब इनमें मेंटेनेंस शुरू होगा। निगम मुख्यालय द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है।

## सुविधा : पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज कर सकेंगे

# लंबी कतार से मिलेगा छुटकारा घर बैठे होगा रोजगार पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा अब बेरोजगारों को रोजगार कार्यलय में पंजीयन कराने के लिए आनलाइन पोर्टल की सुविधा दी है। जिसके चलते अब बेरोजगारों को रोजगार दफ्तर में लंबी कतार और विभाग के चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। इसमें पंजीयन, नवीनीकरण और अतिरिक्त योग्यता जोडने का कार्य घर बैठे कर सकेगें।

उल्लेखनीय है कि, रोजगार कार्यालय मे वर्तमान में डेढ लाख से अधिक बेरोजगारों का पंजीयन है। इस व्यवस्था न सिर्फ सहुलियत बल्कि पंजीयन कराने बेरोजगारों का रूझान बढेगा। इससे विभाग के पास वास्तविक आंकडे भी सामने आ जाएंगे। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा नवीन ई-रोजगार पोर्टल शुरू किया गया है। रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में जो आवेदन पंजीकृत है, उन्हें पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज करने के लिए नवीन ई-रोजगार पोर्टल का उपयोग करना होगा।

## पंजीयन, नवीनीकरण और अतिरिक्त योग्यता जोड़ने का कार्य भी होगा घर बैठे




### इन बिन्दुओं का करना होगा पालन

आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी की एंट्री कर मोबाईल ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओटीपी सत्यापित होने के पश्चात आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, तदुपरान्त आधार ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी की एंट्री कर आधार ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई-रोजगार पोर्टल पर लॉग-इन करने हेतु यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) एवं पासवर्ड प्राप्त होगा।

### पंजीयन होने पर नई प्रक्रिया जरूरी नहीं

उप संचालक आरके कुर्रे ने बताया कि, यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है, तो दोबारा नया पंजीयन नहीं करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अद्यतन अथवा नवीनीकरण करना चाहता है, तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें।

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

ई-रोजगार पोर्टल **erojgar.cg.gov.in** पर लॉग-इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग-इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) पासवर्ड एवं कैपचा कोड की एंट्री कर लॉग इन पर क्लिक करना है। लॉग-इन के पश्चात आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा, जिसमे आवेदक अपना पंजीयन पहचान-पत्र (एक्स-10) कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है। इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकते है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है, तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। रोजगार कार्यालय भी एक बार ही किसी आवेदक के पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। यदि त्रुटिवश रोजगार कार्यालय द्वारा एक बार में ही सभी आवश्यक सुधार नहीं किये जा सके, तो रोजगार कार्यालय को संचालनालय स्तर पर अनुरोध करना होगा। रोजगार कार्यालय पुराने पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों की जानकारी अपडेट करने के पहले ये सुनिश्चित कर लें कि, उस आवेदक का नवीनीकरण इस माह में नहीं किया जाना है। यदि आवेदक का नवीनीकरण इस माह में अथवा पिछले दो माह में लंबित है, तो उस आवेदक के लिए नवीनीकरण के विकल्प का चयन करें। यदि पंजीकृत आवेदक अपना पासवर्ड भूल गया हो, तो उसे वेब पोर्टल पर जाकर जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर फारगेट पासवर्ड पर जाना होगा। तत्पश्चात उसे अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर (यूजर आईडी) पर ओटीपी प्राप्त कर नया पासवर्ड बना सकते है।

# चेक बाउंस : 6 माह कारावास व 20 लाख प्रतिकर देने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भिलाई-3 जिला दुर्ग न्यायालय ने श्रीमती शोभा त्रिपाठी पति देवप्रकाश त्रिपाठी, प्रोप्राईटर अरनव इण्डस्ट्रीज, 5/ एच, हैवी इण्डस्ट्रीयल एरिया हथखोज भिलाई जामुल को 06 माह का कारावास एवं 20 लाख रु. के प्रतिकर से दंडित किया है। यह राशि 01 माह के भीतर अदा नहीं किए जाने पर उसे 03 माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।

- प्रतिकर राशि एक माह में देने के आदेश

यह फैसला भिलाई-3 के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पंकज दीक्षित के न्यायालय ने दिया है। परिवादी जयप्रकाश गोयल पिता स्व. रामपाल गोयल, प्रोप्राईटर ज्योति इंटरप्राइजेस, नंदिनी रोड छावनी चौक भिलाई ने दुर्ग न्यायालय में चेक अनादरण का मामला श्रीमती शोभा त्रिपाठी प्रोप्राईटर अरनव इण्डस्ट्रीज के विरुद्ध प्रस्तुत किया था। परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता नीरज चौबे ने की। प्रकरण के संबंध में अधिवक्ता नीरज चौबे ने बताया कि आरोपी श्रीमती शोभा त्रिपाठी प्रोप्राईटर अरनव इण्डस्ट्रीज ने वर्ष 2014 में परिवादी जयप्रकाश गोयल पिता स्व.रामपाल गोयल, प्रोप्राईटर ज्योति इंटरप्राइजेस, नंदिनी रोड छावनी चौक भिलाई से स्टील प्लेट क्रय किया था।

जिसके रकम 27,15,370/- रू. के भुगतान के लिए केनरा बैंक, एस.एम.ई. शाखा भिलाई का चेक दिया गया था। उक्त चेक को परिवादी जयप्रकाश गोयल पिता रामपाल गोयल, प्रोप्राईटर ज्योति इंटरप्राइजेस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया, शाखा भिलाई में प्रस्तुत किया था, जो कि बाउंस हो गया था। आरोपी श्रीमती शोभा त्रिपाठी प्रोप्राईटर अरनव इण्डस्ट्रीज को चेक बाउंस होने की पंजीकृत सूचना परिवादी ने अधिवक्ता नीरज चौबे के माध्यम से प्रेषित की थी,लेकिन आरोपी ने रकम का भुगतान नहीं किया। इसके बाद प्रकरण न्यायालय पहुंचा। न्यायालय द्वारा परिवादी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज एवं उसकी गवाही को आधार मानकर सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांतों को आधार मानकर आरोपी को दोषसिद्ध पाया गया।

कोर्ट ने आरोपी को छः माह का कारावास की सजा और चेक राशि पर प्रतिकर 20 लाख रू. देने फैसला दिया है। फैसले में साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर परिवादी को 1 माह के अन्दर प्रतिकर की राशि नहीं दी गई, तो आरोपी को 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा।

# स्कूलों और कॉलेजों में अभियान चलाकर नशामुक्त करने किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नशा मुक्त भारत अभियान योजना की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में नशे संबंधित होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबीए के बैनर तले युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम हेतु कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए सभी एसडीएम को अपने अपने विकासखण्ड में हॉटस्पॉट का चिन्हांकन कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्कूल व कॉलेजों में निरंतर अभियान चलाए जाए व शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर उन्हें रोका जा सके।

- कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

**खेल सामग्री उपलब्ध कराने कहा:** कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के मानसिक विकास में बहुत सहायक होता है। खेल खेलने वाले बच्चों की मानसिक दृढ़ता के कारण उनमें नशे की ओर जाने की संभावना कम होती है। उन्होंने कहा जिले के सभी खेल मैदानों की अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खेल सामग्रियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि अधिक से अधिक बच्चों का खेल की तरफ रूझान बढ़े और नशे दूर रहे।

**करें प्रचार-प्रसार :** कलेक्टर ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित जागरुकता प्रचार-प्रसार कार्यक्रम करने, युवाओं, बच्चों, महिलाओं, शैक्षणिक संस्थानों एवं समुदायों को शामिल करके सेमीनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा बंदी प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया द्वारा प्रचार अभियान, नशा बंदी शपथ आदि कार्यक्रम आयोजित कर जागरुकता कार्यकम किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 21 जून को योगा दिवस के अवसर पर स्कूलों में खेल प्रतियोगिताओं, खेल एवं योगा के माध्यम से शिक्षकों द्वारा नशा मुक्ति संदेश देना सुनिश्चित किया जाए।

### 8 को शिवरात्रि पर विभिन्न कार्यक्रम

दुर्ग। महाशिवरात्रि मेला आयोजन समिति औद्योगिक नगर शिव मंदिर द्वारा शिवरात्रि पर भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के तहत 8 मार्च को सुबह 5 बजे भगवान शिव का दर्शन एवं पूजन, 8 बजे दीप प्रज्वलन वं प्रवचन, 11 से 5 बजे तक मानस गान व भजन, शाम 5 से 6 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, 6 बजे मुख्य अतिथि का संबोधन व शाम 7 बजे सुरधारा म्यूजिकल ग्रुप आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर करेंगी। कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, अरुण वोरा आदि मौजूद रहेंगे। यह जानकारी संयोजक जितेंद्र साहू ने दी।

# कलेक्टर ने सीएससी झीट का किया निरीक्षण दवाइयों के स्टॉक, ऑपरेशन थियेटर को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



कलेक्टर ने पाटन विकास खण्ड के अंतर्गत पांहदा में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र द्वारा कृषि विकास मृदा उपचार एवं पशु पालन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रदर्शनी देखी। ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक कर इनका लाभ दिलाने कहा। केंद्र के वैज्ञानिकों से चर्चा करते हुए जिले में दुग्ध एवं अण्डा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करने कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ विजय जैन को अन्य खेती करने वाले किसानों को नई तकनिकी के साथ उन्नत खेती करने प्रोत्साहित किया जाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने वहां के उत्पादनों को देखा और निर्देशित किया कि अन्य किसानों को प्रशिक्षित करें ताकि वह भी अपनी खेती अच्छे से कर सके। उनके फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ सके। साथ ही अधिकारियों से क्षेत्र में उत्पादित होने वाले कृषि उत्पादों को सी-मार्ट के अलावा शहर के प्रमुख शॉपिंग काम्प्लेक्स में भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

- दूध और अण्डा उत्पादन बढ़ाने कार्य करने दिए निर्देश

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने झीट में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष तौर से साफ-सफाई रखने निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पौधारोपण करने एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर को सौन्दर्यीकरण करने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों के लिए भी बैठक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## दिसंबर के बाद नहीं हुई जिले में ऋण पुस्तिका की आपूर्ति

# ऋण पुस्तिका का टोटा, किसान लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ऋण पुस्तिका के अभाव में प्रमाणीकरण का काम बड़ी संख्या में अटका हुआ है। वही जमीन का बंटवारा व नामांतरण का कार्य ऋण पुस्तिका नहीं होने के कारण अटका हुआ है। इस के अलावा ऋण पुस्तिका गुम होने के बाद डुप्लीकेट पर्चा बनाने की अर्जी लगाए हुए लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

- जमीन का बंटवारा, नामांतरण कार्य अटका

जिले में दुर्ग, पाटन और धमधा तहसील को मिलाकर करीब 50 हजार ऋण पुस्तिका की डिमांड बताई जा रही है। इस संबंध में भू अभिलेख शाखा द्वारा पत्र भी लिखा गया है। भू अभिलेख अधीक्षक आदित्य कुर्जाम ने बताया कि, राजनांदगांव स्थित शासकीय प्रिंटिंग प्रेस से एक दो दिन में ऋण पुस्तिका मिलने की संभावना है। इधर ऋण पुस्तिका के लिए पटवारी कानूनगो का चक्कर काट रहे हैं। जिले में ऋण पुस्तिका की डिमांड पटवारी करते है। उल्लेखनीय है कि, ऋण पुस्तिका की कमी जिले में हर साल देखने को मिलती है। गत वर्ष भी शासन स्तर पर ऋण पुस्तिका समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में पिछले तीन माह से ऋण पुस्तिका की आपूर्ति ही नहीं की गई है। फरवरी माह में राजस्व अभिलेख द्वारा 30 हजार पुस्तिका का डिमांड भेजा गया था। लेकिन प्रिंटिंग प्रेस से आपूर्ति नहीं होने के कारण मार्च माह में 50 हजार तक डिमांड पहुंच गया है।




### छपाई का लाखों रुपए बकाया

सूत्रों ने बताया कि दुर्ग जिले में ऋण पुस्तिका की आपूर्ति रायपुर प्रिंटिंग प्रेस से होती थी। ऋण पुस्तिका की छपाई के बाद राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण आपूर्ति रुक गई। यही कारण है कि आप रायपुर के बजाय राजनांदगांव प्रिंटिंग प्रेस को डिमांड भेजा जा रहा है। ऋण पुस्तिका की शॉर्टेज के चलते आम आदमी ही नहीं पटवारी भी परेशान है। शहरी क्षेत्र के प्रत्येक पटवारी हल्कों में पांच-पांच सौ ऋण पुस्तिका की डिमांड बनी हुई है, लेकिन ऋण पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने के कारपा पटवारियों को भी खाली आश्वासन ही मिल रहा है।

### रजिस्ट्री के बाद नहीं मिल रही पुस्तिका

दुर्ग जिले में रोजाना सौ से अधिक रजिस्ट्री होती है। रजिस्ट्री करने के बाद नामांतरण की प्रक्रिया ऋण पुस्तिका नहीं होने के कारण अटक गई है। खरीददार पटवारी का चक्कर काट रहे हैं लेकिन पटवारी यह कह कर उन्हें लौट आ रहे हैं कि अभी ऋण पुस्तिका की आपूर्ति नहीं हो रही है। जबकि जमीन की खरीदी बिक्री सहित अन्य कार्यों के लिए ऋण पुस्तिका प्राप्त करने लोग पटवारी और तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। नए ऋण पुस्तिका के लिए आवेदन करने वाले भी भटक रहे हैं।

# सामाजिक बैठक में नशा मुक्त समाज बनाने का किया आव्हान



दुर्ग। जिला निषाद केवट समाज की मासिक बैठक हुई। जिसमें प्रदेश संगठन से संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री मछुआ कल्याण बोर्ड एम आर निषाद, उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद, महासचिव मनोहर निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक निषाद शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमआर निषाद ने छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज को नशा मुक्ति समाज बनाने की बात कही। मछुआरा समाज में राजनीति सामाजिक भागीदारी ज्यादा से ज्यादा लेने व पूर्व सरकार में रहते हुए बिलास दाई केवटीन एयरपोर्ट समाज के महापुरुषों का नामकरण करने पर व मछुआ नीति के बारे में समाज को जानकारी दी। बैठक में सह सचिव अशोक निषाद रायपुर अध्यक्ष लालाराम निषाद, बालोद अध्यक्ष राजेंद्र निषाद, राजनांदगांव अध्यक्ष दुरपत निषाद, दुर्ग अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद, युवा अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, संतोष जलतरे, भीम सिंह निषाद, सियाराम निषाद, केशव निषाद, नीलकमल निषाद सहित सामाजिक गण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### डॉगी के साथ मारपीट करने वाले पर जुर्म दर्ज

**भिलाई।** डागी के साथ मारपीट करने का वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 429, 504 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी धनंजय प्रसाद ने शिकायत किया है कि कृष्णा नगर सुपेला निवासी गोपाल राव डागी को लाठी से लगातार मारने का वीडियों वायरल हुआ। गोपाल डागी को माररीट कर प्रताड़ित कर रहा था। जिसे देख पीपुल्स फॉर एनीमल दुर्ग भिलाई युनिट-2 ने इसे गंभीरता से लेते हुए लिखित में शिकायत किया। घटना 29 फरवरी की रात 10 बजे कृष्णा नगर बजरंग चौक वार्ड नं 8 का है। जहां सुपेला में बाईक पर सवार दो युवक में से एक ने सडक किनारे सोए हुये डागी को बेरहमी से लाठी से मारपीट कर घायल किया।

### सुनीत बने वैशालीनगर विधायक प्रतिनिधि



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप इस्पात श्रमिक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कर्मचारी यूनियन के सचिव सुनीत कुमार सिंह को वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन द्वारा विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है । उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों के तीस अन्य लोगों को भी विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। सुनीत सिंह ने बताया कि सभी मिलकर वैशालीनगर क्षेत्र लोकसभा चुनाव भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को एक लाख वोटों से जिताएंगे।

### महतारी वंदन योजना : हितग्राही 5 मार्च तक करा लें डीबीटी

**भिलाई।** महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाले आवेदिकाओं के खाते को डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ भुगतान) से जोड़ने के लिए समय सीमा में 5 मार्च तक पूर्ण किया जाना है। इस के लिए अवकाश दिवस रविवार को अर्थात 3 मार्च को महिलाएं बैंक में उपस्थित होकर अपना खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करवा सकते है। बैंक में रविवार को सिर्फ महतारी वंदन योजना के कार्य ही स्वीकार होंगे।

### रशियन काम्पलेक्स में उधास को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई ।** एकत्र संस्था द्वारा रशियन काप्लेक्स में गजल गायक स्व. पंकज उधास को श्रद्धांजलि देने गजल संध्या का आयोजन किया गया। नीरज मंडरिया व परनराज ने गजलों की प्रस्तुति दी। संगत तरुण पहाड़े,पूनम सर्पे ने दी। कार्यक्रम का संचालन शुचि भवि और आभार प्रदर्शन संयोजक विनोद कुमरा विनोदिया ने किया। टेक्निकल सहयोग जगजीत सिंह भाटिया का रहा। पूर्व में पंकज उधास को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जयंत भोंसेले, बाबूराम वर्मा,मनोहर लाल व अशोक आदि उपस्थित थे।

### विधायक से की मुलाकात



भिलाई। नगर पालिक निगम पार्षद भारती राम सूर्यवंशी भिलाई 3 स्थित विधायक निवास पहुंचकर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा का गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रदश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस के राम सूर्यवंशी भी मौजूद थे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताएंगे, मोदी का पत्र सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा की तैयारियों में जुटी भाजपा के प्रकोष्ठों की रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संयुक्त सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, विधानसभा चुनाव में मुखरता और प्रखरता से भाजपा ने नारे लगाए और भाजपा के नारे को जनता ने स्वीकार किया। आज जब लोकसभा का चुनाव हो रहा है, तब पूरा देश एक ही नारा लगा रहा है- फिर एक बार, मोदी सरकार; अबकी बार 400 पार। इस लक्ख्य को हासिल करना है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा की सरकार है और देश में बहुत क्रांतिकारी, ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ सार्थक व सकारात्मक परिवर्तन आया है। भारत देश का इतिहास वैभवशाली एवं गौरवशाली रहा, सत्ता के लुटेरों ने पूरी दुनिया में उस देश का मान, सम्मान, गौरव सब कुछ धूमिल करके रखा था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई जनकल्याणकारी काम किए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कोरोनाकाल में पूरी दुनिया कहती थी कि भारत में स्वास्थ्य सुविधा अच्छी नहीं है और कोरोना महामारी में भारत देश बचने वाला नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के 130 करोड़ लोगों को निशुल्क को-वैक्सीन उपलब्ध कराई, साथ-ही-साथ दूसरे देशों को भी वैक्सीन दी। आज दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। आज देश की सीमाओं पर भारत सुरक्षित हुआ है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी की सभी गारंटी को पूरा करने की शुरुआत 25 दिसंबर से कर दी है।

## भाजपा प्रकोष्ठों के सम्मेलन में बनी लोकसभा चुनाव की रणनीति




### 10 घरों में लगेगा भाजपा का झंडा

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि 2014 में जब भाजपा की सरकार बनी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि भारत की यह सरकार गरीबों को संकल्पित सरकार होगी और हम सभी देख रहे हैं कि गरीबों के विकास के लिए बहुत सारे कार्य हुए हैं। अभी लाभार्थी संपर्क अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र लेकर के लाभार्थियों से मिलना है। सभी प्रकोष्ठ निचले स्तर पर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताएंगे। इस दौरान लाभार्थियों को एक पत्र के रूप में नरेंद्र मोदी का संदेश देना है। लाभार्थियों के साथ फोटो लेकर उसे नमो एप पर अपलोड करना है और यह पूरी प्रक्रिया सभी प्रकोष्ठों के सदस्यों की होगी।

### बदहाली के दौर से गुजर रहे कई उद्योग, बीएसपी से आर्डर में गिरावट

# वर्षों बाद भी पीथमपुरा नहीं बन पाया भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राज्य के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को प्रदेश सरकार और बीएसपी सहित संबंधित एजेंसियों की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। चौतरफा पसरी समस्याओं के सालों बाद भी निदान नहीं होने से सैकड़ों उद्यमियों और श्रमिक बस्तियों को लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में बुनियादी सुविधाओं और उद्योगों बदहाली के साथ श्रमिक बस्तियों की समस्याओं भी काई की तरह जमी हुई हैं। उद्यमियों और क्षेत्रवासियों के मुताबिक वर्षों से नगर निगम, प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र एवं व्यापार केंद्र, बीएसपी और जन प्रतिनिधियों तथा सरकारों के ध्यानाकर्षण के बाद भी औद्योगिक क्षेत्र आज के अनुरुप कायाकल्प नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के 23 वर्षों के दौरान विकास जरुर हुआ लेकिन यह किश्तों में और आधा अधूरा ही हो सका। उद्यमी पीथमपुरा व गाजियाबाद की तरह तस्वीर बदलने का सपना आज भी देखते देखते मायूस हो चुके हैं। उद्योग संगठन में हताश हो चुके हैं। औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना और विकास भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ ही 1960 के करीब होनी शुरु हो गया था। सहायक लघु व सूक्ष्म उद्योगों के साथ हैवी इंड्स्ट्री को आर्डर सेल बीएसपी से मिलता है। क्षेत्र में करीब तीन सौ उद्योग हैं। लेकिन पिछले बीस पच्चीस साल में उद्योगों को मिलने वाले आर्डर में भारी कमी आई है। उद्यमियों ने बताया कि ज्यादातर आर्डरों पर बाहर की कंपनियों का वर्चस्व है। वहीं कोरोना के लाकडाउन ने बची कसर भी पूरी कर दी और कई उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। केंद्र व राज्य की लोकलुभावन नीति व योजनाएं सिंगल विडो की तरह कागजी साबित हो रही हैं।

**बुनियादी सुविधाएं अधूरी हैं**



### बदहाल है श्रमिक बस्तियां

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों और वाशिंदों ने सोचा था कि अब यह इंडस्ट्रिय बेल्ट चमन बन जाएगा। लेकिन टुकड़े टुकड़े और अधूरे विकास का खामियाजा सभी को भुगतना पड़ रहा है। सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई, प्रदूषण, खटाल, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। दस बारह साल पूर्व बनी कांक्रीट की सड़कें कई स्थानों पर मरम्मत मांग रही हैं। बीईसी हथखोज रोड सहित पूरा क्षेत्र गड्ढे,धूल और धुएं और प्रदूषण के गुबार से लबरेज है। खटालों को सालों बाद भी नहीं हटाने ने उद्योगों व झुग्गीनुमा मकानों के सामने गंदगी फैली है। कई उद्योगों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।

### श्रमिक बस्तियों का नारकीय जीवन

औद्योगिक क्षेत्र की बदहाली की कीमत उद्यमियों, मजदूरों व कर्मियों के साथ श्रमिक बस्तियों के लोग भी चुका रहे हैं। छावनी, हथखोज और एसीसी कालोनी के निकटस्थ क्षेत्र आदि बस्तियों में नागरिक सुविधाओं का बुरा हाल है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने और प्रदूषण से लोग सांस की बीमारी से लेक चर्मरोग से प्रभावित होते रहते हैं। बीके चौक के आगे और हथखोज बस्ती के साथ पुराने नीको के निकट कई स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरे से छिटपुट दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। गर्मी में पेयजल समस्या बढ़ जाती है। यहां अराजकता अपने उफान पर है। औद्योगिक क्षेत्र में आए दिन उद्योगों व मकानों से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं । पुलिस उदासीन है।

# भिलाई में खुलेगा सीजीएचएस सेंटर केंद्रीय कर्मियों का होगा मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भिलाई-दुर्ग में सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम यानी सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने की सैद्धांतिक सहमति दे दी है। सांसद विजय बघेल ने इसके लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया को पत्र लिखा था। जवाव में मांडविया ने बताया है कि इस संबंध में अपर निदेशक को शहर का निरीक्षण कर सेंटर खोलने की व्यवहार्यता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। छत्तीसगढ़ सहित देशभर के 20 शहरों में नए सीजीएचएस वेलनेस सेंटर खोलने के लिए अनुमोदन दे दिया गया है। वेलनेस सेंटर शुरू होने से भिलाई-दुर्ग सहित पूरे छत्तीसगढ़ के केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए नागपुर और कटक नहीं जाना पड़ेगा और न ही पैसे के लिए सोचना पड़ेगा। बल्कि अब अच्छे से अच्छे अस्पताल में उनका इलाज हो पाएगा। कर्मियों को अस्पताल का बिल या फिर महंगी दवा, के लिए अपनी जेब से खर्च नहीं करना होगा। यहां ओपीडी और आईपीडी ट्रीटमेंट, दवाएं और जांच जैसी सभी सुविधाएं मिलेंगी। छग में सीजीएचएस सुविधा शुरू करने के लिए सांसद बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डॉ. मांडविया को धन्यवाद दिया। **कार्ड बनवाने के लिए क्या करना है? :** सीजीएचएस प्लास्टिक कार्ड बनवाने आपको eghs.gov.in की वेबसाइट पर जाना है और वहां से फॉर्म भरकर ऑनलाइन जमा कराना है। कुछ डाक्यूमेंट्स भी ऑनलाइन जमा कराने होंगे। कार्ड को रिन्यूक्ल कराने का ऑप्शन है। ऑनलाइन फॉर्म के 1 महीने बाद कार्ड बनकर आएगा। ▪ कार्ड के लिए दस्तावेज क्या हैं? आवेदन, निवास का प्रमाण, आश्रितों के रहने का प्रमाण, आयु का प्रमाण, 25 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुत्रों के मामले में विकलांगता प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।

### सीजीएचएस के लिए कौन पात्र हैं

केंद्र सरकार के कर्मचारी और उनके आश्रित परिवार के सदस्य, वर्तमान और पूर्व सांसद, केंद्र के पेंशनर और परिवार के पात्र सदस्य, स्वतंत्रता सेनानी, रेलवे बोर्ड के कर्मचारी, केंद्र सरकार के ऐसे कर्मचारी, जो केंद्रीय पब्लिक सेक्टर के अंडरटेकिंग्स से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी।

### कौन-कौन सी सुविधाएं मिलेंगी?

ओपीडी में इलाज और दवाओं का खर्च, सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों की परामर्श, इलाज, इमरजेंसी में निजी और मान्यता प्राप्त अस्पतालों में इलाज का खर्च और कृत्रिम अंग के लिए खर्च का रिइंबर्समेंट।

# बोरिया गेट में 6 मार्च के प्रदर्शन को सफल बनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने बीएसपी कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूर्ण कराने 6 मार्च को बोरिया गेट पर आयोजित प्रदर्शन को सफल बनाने के जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर दिया है। महामंत्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में पदाधिकापदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ आज सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चाईना बाजार में कर्मियों को मांगों को लेकर पंफलेट बांटे। बताया कि 2017 से लंबी वेतन समझौता पूर्ण न होने एवं कर्मचारियों का 39 महीना के एरियर्स के भुगतान पर प्रबंधन के मना करने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों ने कहा कि प्रबंधन के इस तरह के एक तरफा फैसला का विरोध करने का निर्णय लेकर भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने संयंत्र कर्मचारियों के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता दोहराई है कर्मचारियों का कहना था कि वेतन समझौता पूर्ण न होने से रात्रि पाली भत्ता, और इंसेंटिव स्कीम रिवाइज ना होने से भी नुकसान हो रहा है। चन्ना केशवलू ने कहा कि जब तक वेतन समझौते के लिए आंदोलन में शामिल कर्मियों का स्थानांतरण भिलाई इस्पात संयंत्र में वापस नहीं हो जाता तब तक यूनियन अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी।

# छग सिंधी पंचायत चुनाव में रही गहमागहमी, महेश दरयानी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में महेश दरयानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए। राजधानी के शक्तिधाम तेलीबांधा में हुए चुनाव में महेश दरयानी 83 मतों से विजयी हुए। उनकी इस जीत को अमर पारवानी के पैनल की ऐतिहासिक विजय के रूप में देखा रहा है। सिंधी समाज ने 17 साल के पुराने एकाधिकार को समाप्त कर युवा और निर्भीक प्रत्याशी महेश दरयानी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना। अपने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश दरयानी ने सभी संतों, समाज के वरिष्ठजनों व पूरे प्रदेश सहित सिंधी समाज को दिया। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने इसे असत्य पर सत्य की जीत बताते हुए पूरे समाज का आभार व्यक्त किया है। बतातें चलें कि हाईवोल्टेज चुनाव में जहां समाज के दो दिग्गज चुनाव मैदान में आमने-सामने रहे। वहीं छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने महेश दरयानी को समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुनकर उन्हें नेतृत्व का मौका दिया। अमर पारवानी के कुशल नेतृत्व और आसुदाराम वाधवानी के मार्गदर्शन में समाज को संगठित करने के प्रयास के रूप में इसे देखा जा रहा है। सिंधी समाज के पदाधिकारी सुभाष बजाज ने कहा कि यह हार चेतन तारवानी की नहीं, श्रीचंद सुंदरानी की है और यह जीत सिंधी समाज में अमर पारवानी की जीत है। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत चुनाव में नतीजे आते ही युवा कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। जीत की खुशी में प्रदेश के सभी जिलों से सिंधी पंचायत के मुखीगण, पदाधिकारी और मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

महेश दरयानी के छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने में अमर गिदवानी, महेश रोहरा, कैलाश बालानी, भरत बजाज, बलराम आहूजा, सुभाष बजाज, अमित चिमनानी, प्रकाश दरयानी, तनेश आहूजा, कैलाश खेमानी, राजू चंदनानी, अनिल जयसिंघानी, शंकर सचदेव, ज्ञानू उदासी, सागर दुल्हानी, अमर चंदनानी, हरीश मदनानी की चुनाव संचालन में अहम भूमिका रही।

# शंकरनगर वार्ड में 25 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन-3 क्षेत्र स्थित शंकरनगर वार्ड में रविवार को महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति के साथ मिलकर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। शंकरनगर वार्ड के रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं में विस्तार करने 25 लाख रुपए की लागत से 5 भिन्न स्थानों पर सुगम आवागमन के लिए सीसी रोड बनाया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन 3 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया को स्वीकृति अनुसार तत्काल विकास कार्य प्रारंभ कराने निर्देश दिए। वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति ने वार्ड में नए विकास कार्य प्रारंभ किए जाने पर वार्डवासियों की ओर से महापौर एजाज ढेबर, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू को धन्यवाद दिया।

**अफसर यातायात को सुगम बनाने दे रहे समझाइस**

# संडे मार्केट सुपेला को व्यवस्थित करने व्यपारियों का सहयोग आवश्यकः आयुक्त ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट को व्यवस्थित करने एवं यातायात को सुगम बनाने निगम की टीम मार्केट क्षेत्र में लगातार मुनादी एवं दुकानदारो को समझाईस दे रही है। निगम के जोन कार्यालय नेहरू नगर व वैशालीनगर की टीम ने शनिवार को मार्केट क्षेत्र में सड़क के दोनों किनारे फिर चुना मार्किंग किया और व्यापारियों को समझाइश दिये है कि लाईनिंग के बाहर कोई भी दुकानदार अपने विक्रय वस्तु को प्रदर्शन के लिए न लगाये अपने सामानों को निगम द्वारा आबंटित दुकान के क्षेत्र में रखे। इसी प्रकार सड़क पर लगने वाले पसरा, ठेला, खोमचे के फुटकर व्यपारियों से भी कहा है कि कोई भी व्यापार सड़क पर न करें। जिससे यातायात प्रभावित हो। निगम द्वारा सण्डे मार्केट क्षेत्र में इस आशय का मुनादी भी करवाया जा रहा है। 3 मार्च को भी निगम का राजस्व व स्वास्थ्य अमला, जोन आयुक्त के नेतृत्व में घड़ी चौक से गदा चौक तक दुकान के बाहर फैले सामान तथा सड़क पर लगने वाले ठेले, खोमचे की जॉच के लिए निकलेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा यातायात को सुगम बनाने एवं मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमे व्यापारियो का सहयोग आवश्यक है। ताकि जन सामान्य को आवागमन में किसी तरह की कोई असुविधा न हो।



# परिवार में बेटा-बेटी का फर्क न करें महिलाएंः पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- बीएसपीएस सी/एसटी एम्प . एसो . का महिला सम्मान समारोह

बीएसपी एस सी/ एसटी एम्पलाईज एसो. के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने जानकारी दी कि एसोसिएशन के बैनर तले ओए भवन में विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बाबा साहब आम्बेडकर व सावित्री बाई फूले जी के चित्रों पर मार्त्यापण कर कार्यक्रम शुरु किया गया।

मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलायें संतानों के प्रथम गुरू होती हैं। महिलाये खुद ही अपने बच्चों में बेटा-बेटी का फर्क न करें, क्योंकि बचपन में इस अंतर का असर नहीं पड़ता। विशिष्ट अतिथि ओए व सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, ने कहा कि महिलाएं सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से सशक्त हो रही है। वे आज न सिर्फ जमीन पर बल्कि अंतरिक्ष में अपनी पहुंच बना चुकी हैं।कार्यक्रम के अध्यक्ष एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि हमारा एसोसिएशन समाज में रचनात्मक कार्य करने में विश्वास रखता है। विशेष अतिथि शशि चादू महाप्रबंधक,श्याम नेगी, ओए महासचिव परविन्दर सिंह ने भी संबोधित किया।

### महिला संगठनों का सम्मान

कार्यक्रम में सतनामी जागरण महिला समाज कल्याण समिति खुर्सीपार, रानी पद्मावती क्षेत्रीय समिति भिलाई, मिनीमाता स्व सहायता समूह रिसाली, गोंडवाना समृद्धि समिति रिसाली, सास्कृतिक कला सुवा, कोयतूर महिला स्व सहायता समूह, सतनामी समाज महिला समिति, जय सतनाम महिला कल्याण समिति आदि महिला संगठनों का सम्मान किया गया। मीनू चौहान, रेशमा आनंद शीतल चेलक ने गीत, कविता एवं भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी चेतन लाल राणा, कुमार भारद्वाज, वेद्प्रकाश सूर्यवंशी, संत ज्ञानेश्वर गायकवाड, कालीदास बघेल, उत्तम मडावी, अनिल कुमार खेलवार, नरेश चंद्रा, एन एल राय एवं जीतेन्द्र कुमार भारती आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### व्याख्याता प्रकोष्ठ ने की न्यायिक जांच की मांग

**रायपुर।** राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े प्रदेश व्याख्याता प्रकोष्ठ ने व्याख्याताओं की वरिष्ठता समाप्त करने संबंधी मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। बताया गया है कि प्रदेश के व्याख्याताओं की 2016 में पदोन्नति होनी थी, लेकिन पदोन्नति नहीं की गई। इस मामले को लेकर व्याख्याता अदालत में गए थे। इसके बाद सरकार ने वरिष्ठता को ही समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। बताया गया है कि प्रदेश के 56 लाख व्याख्याताओं की वरिष्ठता निरस्त की गई है। इस मामले को लेकर प्रकोष्ठ की बैठक में मांग की गई है कि सभी व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया जाए।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच



**रायपुर।** जिले के ग्राम बरोदा के बाजार चौक स्थित पंचायत भवन में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया। साथ ही बीपी, शुगर आदि की विशेष जांच की गई। यह कार्यक्रम लोहिया पेपर एंड बोर्ड लिमिटेड रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब की ओर से किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि उप सरपंच भागवत साहू और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा विशेष रूप से शामिल रहे।

### हरियर पनियर छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ आज



**रायपुर।** तालाबों को पुनर्जीवित करने जिला प्रशासन और भारतीय जैन संघटना के सहयोग से हरिहर पनियर छत्तीसगढ़ अभियान के माध्यम से प्रचार रथ का उद्घाटन 4 मार्च को किया जाएगा। उद्घाटन जिला पंचायत कार्यालय में सुबह 11 बजे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिकृष्ण जोशी करेंगे। इस अवसर पर रायपुर जिलाध्यक्ष मानवेंद्र दफ्तरी, राज्य अध्यक्ष मनोज लुंकड़, राज्य सचिव विजय गंगवाल उपस्थित रहेंगे।

### आदिवासी मातृ संगठन का नौ को सम्मेलन

**भिलाई।** आदिवासी मातृ शक्ति संगठन महिला मुक्ति मोर्चा के चन्द्रकला तारम ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 एवं 10 मार्च को महा सम्मेलन किया जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में युवाओं के समक्ष चुनौतियां और उनकी भूमिका, 2 सत्र वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति और उनकी भूमिका, 10 फरवरी को 1 सत्र विषय वर्तमान परिस्थितियों में श्रम नीतियों विषयों पर सत्र होंगे। लोकतांत्रीक इस्पात एवं इंजिनीयरिंग मजदूर युनियन, लोईमु नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार युनियन प्रगतिशील सीमेंट श्रमिक संघ, छमुमो मजदूर कार्यकर्ता समिति सहकारिता संघर्ष समिति शामिल है। बैठक में चन्द्र कला तारम उमा नीरा राजेंद्र परगनिहा, सुरेंद्र मोहंती कलादास डेहरीया कुमार भारद्वाज, बेदन लाल गेंद्रे डालिया ढाले पल्लवी ठाकुर आदि शामिल थे।

# सहायक अभियंता बनने सिर्फ 7 हजार ने दी परीक्षा, जूनियर इंजीनियर एग्जाम से भी 62% नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में इंजीनियर भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में जहां 57.9 प्रतिशत कैंडिडेट्स उपस्थित रहे तो वहीं दूसरी पाली में यह संख्या घटकर 48.59 प्रतिशत ही रह गई। पहली पाली में सुबह 10 से 12.15 तक व्यापम ने कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इसके 430 पदों पर व्यापम ने आवेदन मंगाए थे। 45 हजार इंजीनियर्स ने इसमें दिलचस्पी दिखाई थी। कनिष्ठ अभियंता के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर के पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4.15 तक सहायक अभियंता के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सिर्फ इलेक्ट्रिकल ब्रांच के इंजीनियर्स से ही आवेदन मांग गए थे। 52 पदों के लिए 15 हजार ने अर्जी दी थी। इनमें से लगभग 8 हजार अनुपस्थित रहे। बीते सप्ताह हुई कृषि मंडी भर्ती परीक्षा में भी 37 प्रतिशत परीक्षार्थी ही शामिल हुए थे।

## स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत रिक्त पदों पर होगी भर्ती

### औसत रहे सवाल

परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्नपत्र औसत रहा। हालांकि कुछ सवाल कठिन और समय लेने वाले रहे। इसके बाद भी अधिकतर परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं अच्छी जाने की बात कही। व्यापम ने 8 जिला मुख्यालयों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए थे। कुछ केंद्रों में उपस्थिति का आंकड़ा बहुत कम रहा। इसके चलते यहां सन्नाटे का माहौल रहा। प्रत्येक जिले में केंद्र ना होने के कारण कई अभ्यर्थियों को लंबी दूरी तय करके दूसरे जिले में भी परीक्षा दिलाने जाना पड़ा।



### प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ

विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए परीक्षाएं आयोजित किए जाने के साथ ही व्यापम ने प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए हैं। फिलहाल बीएड पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। 23 फरवरी से इसके लिए आवेदन पोर्टल खोला गया है। कैंडिडेट्स 24 मार्च तक आवेदन दे सकेंगे। 2 जून को इसकी परीक्षा प्रस्तावित है। अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन इस माह से प्रारंभ हो जाएंगी। वेबसाइट पर दबाव ना बढ़े, इसलिए व्यापम पहले ही पैरलर वेबसाइट तैयार कर चुका है।

## आयोजन : महिलाओं, दिव्यांगों सहित विभिन्न संगठनों का किया सम्मान

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी सेवा केन्द्र में मनाया गया महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय ने जिला मुख्यालय में स्थित प्रभु स्मृति भवन में महिला दिवस पर महिलाओं, दिव्यांगों, पत्रकारों सहित विभिन्न संगठनों का सम्मान किया।

इसके पहले एक विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन आमजन मानस को कराया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता योगेश तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि दीदी ने की साथ ही समाज सेविका भाग्यश्री पोल एवं माहेश्वरी महिला समाज के अध्यक्ष हर्षा माहेश्वरी भी उपस्थित रहीं।

- नगर में निकली शोभायात्रा कराया द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन

**बेटियों को जरूर पढ़ाएं :** कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि जीवन की भाग दौड़ में आध्यात्मिक से दूर होते जा रहे हैं। आज का समय स्वर्णिम युग है। जहां घर, परिवार में ग्रहणियों की चलती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने घर में अपनी बिटिया को जरूर पढ़ाएं, बेटे के साथ बिटिया का भी उतना हक है। कलेक्टर शर्मा ने बपने बचपन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि अब जमाना कलम शिक्षा ज्ञान का है, इसलिए नारी को शिक्षित करेंगे तो नारी सशक्तिकरण होगा।

### मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे

सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा कि मातृशक्ति समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, बल्कि समाज के निर्माण में भी अपनी भागीदारी निभा रही हैं। सबसे बड़ा योगदान ब्रह्माकुमारी संस्था के द्वारा महिलाओं के लिए किया जा रहा है। यहां पर यह बताया जाता है कि समाज की सेवा कैसे करें और एक दूसरे का सहयोग करते हुए किस तरह से भारत का विकास कर सके। महिला सशक्तिकरण के कारण अब महिलाओं का सम्मान भी होने लगा है अत्याचार जैसी बातें नहीं रही हैं। बीते साल 11 दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया किया गया था, जिसमें दिव्यांगों का ही प्रयास रहा है। सेवा केंद्र प्रभारी शशि दीदी ने कहा कि नारी अबला नहीं सबला है। नारी को आदि से लेकर अभी तक महत्वपूर्ण स्थान मिलता रहा है। उन्होंने गांधी, शिवाजी का उल्लेख करते हुए कहा कि मां के कारण उन्होंने लोगों के बीच में प्रसिद्धि पाई है। मां बच्चों का प्रथम गुरु होता है। महिलाओं के पास वह शक्ति होती है जो परिवार को स्वर्ग या नर्क बना सकते हैं, इसलिए गर्भवती महिलाओं को अच्छी विचार एवं अच्छी पुस्तक पढ़ने की सलाह दिया जाता है।

# कटई में हुआ मानस महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नवागढ़

प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन एवं मानस संघ ब्लॉक इकाई नवागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय श्रीराम लला मंदिर अयोध्या धाम प्राण प्रतिष्ठा एवं मानस महोत्सव रविवार को प्रथम मानस शक्ति केंद्र ग्राम कटई में मनाया गया। जिसमें ब्लाक के विभिन्न मानस मंडलियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल शामिल हुए। प्रथम क्रम में पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान रामचंद्र के छाया चित्र का पूजन कर स्थानीय मंडली द्वारा मंगलाचरण, हनुमान चालीसा पाठ कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

**धनौरा मानस परिवार को मिला प्रथम पुरस्कार :** प्रथम पुष्प के रुप में तुलसी के बानी मानस परिवार धनौरा, द्वितीय पुष्प सुर भारती मानस मंडली रूसे, तृतीय पुष्प बनवासी राम मानस परिवार अंधियारखोर एस, चतुर्थ पुष्प विद्या मानस परिवार किरता, पंचम पुष्प भजन संध्या मानस परिवार जैतपुरी, षष्ठम पुष्प प्रज्ञा मानस परिवार घुरसेना, सप्तम पुष्प सीताराम मानस परिवार बहरबोड सभी मंडली कार्यक्रम का आकर्षण रहा। छत्तीसगढ़ मानस प्रेमी परिवार संगठन के संस्थापक नेहरू गोस्वामी एवं जिला मानस संघ के अध्यक्ष भागवत निर्मालकर, पण्डित हनुमान प्रसाद तिवारी के द्वारा वरिष्ठ व्याख्याकार माधोराम साहू सेवा निवृत्ति तहसीलदार, जुठेल राम साहू रनबोड, होलूराम साहू, मिश्रीलाल यदु, गनपत सिंह ठाकुर, जगदीश साहू घूरसेना को वरिष्ट मानस प्रेमी पुरुष्कार से सम्मानित किया गया।

**मंडलियों को मिला 5 हजार :** पंजीकृत मानस मंडलियो को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रीराम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव हेतु प्रदत्त 5,000 रू की राशि उपस्थित मंडलियों को प्रदान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भागवत निर्मलकर, नारायण निषाद, महेश कुमार साहू, नरेंद्र जायसवाल, उत्तम देवांगन, उत्तरा साहू, कलीराम यादव, बलिराम ध्रुव, चंद्रभान ध्रुव,ओमप्रकाश साहू, डूम्मन साहू, रामसनेही वर्मा, उमासंकर वर्मा, अशोक वर्मा रामकुमार साहू, गनपत सिंग ठाकुर, मिश्री लाल यदु , सीताराम यदु, रतन सिंह, रामकरण वर्मा, महेतरु साहू, प्रेम निषाद, सोहन सिंग एवम मानस मण्डली के सदस्य व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत 3 से 05 मार्च तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

रविवार को बस स्टैंड नवागढ़ में पोलियो के बूथ का शुभारंभ मिथलेश (मिंटू) बिसेन भाजपा मंडल महामंत्री, आशाराम धुव्र उपाध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़, हेमन्त सोनकर पार्षद, गोलू सिंह ने उपस्थिति बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर किया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा ने बताया कि विकासखण्ड के 215 बूथ में रविवार को शून्य से 05 वर्ष तक के कुल 20,757 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गयी। अब घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ से बीपीएम सीके देवांगन, कार्यक्रम नोडल यूआर ध्रुवे, अम्बालिका पोलियो सुपरवाइजर, वसुधा पटेल नर्सिंग इंचार्ज, रेवती, गोमेश्वरी, गंगा, सावित्री पाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# नए सत्र से तीन अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों पर ताला, केवल 29 अभियांत्रिकी महाविद्यालय शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के बंद होने का सिलसिला इस वर्ष भी जारी रहेगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश में तीन इंजीनियरिंग महाविद्यालय बंद हो जाएंगे। इसके बाद प्रदेश में सिर्फ 29 अभियांत्रिकी महाविद्यालय ही रह जाएंगे। तीन महाविद्यालयों के बंद होने के बाद प्रदेश में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या भी कम हो जाएगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में 11 हजार 481 इंजीनियरिंग सीटें थी। तीन कॉलेजों के बंद होने के बाद यह संख्या 10 हजार के आस-पास ही रह जाएंगी।

गौरतलब है कि इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को लेकर छात्रों की दिलचस्पी पिछले 5-6 सालों से लगातार घट रही है। कोरोना काल से पहले ही इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिले कम होने लगे थे। कोरोना के दौरान यह संख्या और अधिक घट गई। कई इंजीनियरिंग कॉलेज ऐसे हैं, जहां छात्रों से अधिक संख्या प्राध्यापकों की है। इन्हें निर्धारित नियमों के अंतर्गत वेतन भुगतान करना होता है। छात्रों से प्राप्त होने वाली फीस से अधिक राशि प्राध्यापकों के वेतन पर खर्च हो रही है। ऐसे में नुकसान उठाने के स्थान पर इंजीनियरिंग कॉलेज संस्थान बंद करने का फैसला ले रहे हैं।

- शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रारंभ हुई मान्यता सहित अन्य प्रक्रियाएं
- जिन्होंने नहीं दिया नवीनीकरण के लिए आवेदन, अब वे होंगे बंद



### स्थानांतरित होंगे छात्र

जो महाविद्यालय बंद होने जा रहे हैं, उनके छात्रों को दूसरे कॉलेजों में शिफ्ट किया जाएगा। नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। छात्रों को उपलब्ध विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होगा। इस दौरान भी अधिकतर छात्र शासकीय महाविद्यालयों का ही चुनाव करते हैं। यहां सीटें ना मिल पाने की ही स्थिति में वे प्राइवेट कॉलेज में स्थानांतरण लेते हैं

### 4 हजार सीटों में भी प्रवेश नहीं

सत्र 2023-24 में 4 हजार सीटों पर भी प्रवेश नहीं हुए थे। 11 हजार 481 सीटों में से सिर्फ 3 हजार 659 सीटों पर ही प्रवेश हो सके थे। इसके पूर्व शैक्षणिक सत्र 2022-23 में भी पांच हजार के करीब ही सीटें भर सकी थी। कई कॉलेजों के कुछ ब्रांच में शून्य दाखिले हुए थे। हालांकि ये स्थिति सिर्फ निजी महाविद्यालयों में ही निर्मित हुई थी। शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रारंभिक चरणों में ही पूर्ण हो गए थे। छात्रों का रुझान इसके स्थान पर मेडिकल, फॉर्मेसी और नर्सिंग पाठ्यक्रमों में अधिक हुआ है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीईटी का आयोजन 6 जून को होगा। इसमें प्राप्त रैंक के आधार पर ही छात्रों को सीट आवंटित की जाएगी।

# राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर आपत्ति, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजस्व निरीक्षक परीक्षा को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में संघ ने कई जिलों से बड़ी संख्या में तथा कुछ जिलों से केवल गिने-चुने अभ्यर्थियों के चयन पर सवालिया निशान लगाते हुए जांच की मांग की है।

राजस्व पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखे पत्र में कहा, 7 जनवरी को हुई राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर आपत्ति जताते हुए संघ ने उच्चस्तरीय जांच के लिए राज्य शासन से पत्राचार किया था, लेकिन आपत्तियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने के बजाय परीक्षा परिणाम 29 फरवरी को घोषित किए गए। संघ ने बताया कि राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण वर्ष 2024 के जरिए 216 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयन सूची में दी गई जिलेवार संख्यात्मक जानकारी संदेहास्पद है।

कई जिलों से बड़ी संख्या में तो कुछ जिलों से केवल गिनती के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, जो संदेह को जन्म दे रहा है। बताया गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सभी पटवारी चुनाव कार्य में संलग्न थे और आयुक्त कार्यालय विभागीय परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान ही पात्र-अपात्र सूची जारी कर दावा-आपत्ति मंगवाई गई थी। मंत्रिमंडल के गठन के पहले ही विभागीय परीक्षा को शासन के संज्ञान में लाए बिना कराया जाना संदेह को जन्म दे रहा है, जिसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा की जांच कराने का आग्रह किया गया है।

### पत्नी को लकड़ी के बत्ते से पीटा, पति पर केस

**रायपुर।** घरेलू विवाद के चलते पत्नी की पिटाई करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। विकास नगर गुढ़ियारी में रहने वाली पार्वती परते ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति कपिल से मामूली विवाद होने पर वह आए दिन उसकी पिटाई करता है। शनिवार दोपहर भी उसने बिना किसी बड़ी वजह से लकड़ी के बत्ते से उसकी पिटाई कर दी।

# लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर सांसद बघेल को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

केन्द्र की मोदी सरकार में सांसद विजय बघेल को दूसरी बार टिकट मिलने से ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में सोमवार को सांसद निवास में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित साहू, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष रवि वर्मा, जिलापंचायत सभापति गोवेन्द पटेल, बेमेतरा भाजपा महीला मोर्चा उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत किरकी श्रीमति संतोषी हनुमंत साहू ने सौजन्य मुलाकात अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## 9 मार्च को साइंस कॉलेज मैदान में होगा आयोजन

# किसान महाकुंभ : सभास्थल का जायजा लेने पहुंचे चाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार राजकुमार चाहर राष्ट्रीय किसान महाकुंभ के संबंध में रविवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। भा ज पा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत वे साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले किसान महाकुंभ के लिए स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को किसान महाकुंभ में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत करेंगे। प्रदेशभर के किसान इसमें भाग लेंगे। चुनाव के पूर्व किसानों को साधने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर भेंट कर कार्यक्रम के रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने पार्टी प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक लेकर कर आगामी कार्यक्रम की दृष्टि से कार्ययोजना तैयार की। प्रदेश पदाधिकारियों को व्यवस्था के अनुरूप दायित्व सौंपा गया।

- केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे शिरकत



### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. शंभू कुमार, राष्ट्रीय प्रदेश मंत्री बजरंगी यादव, प्रदेश अध्यक्ष तोखन साहू, प्रदेश महामंत्री आलोक ठाकुर, जैविक खेती संयोजक द्वारिकेश पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल ठाकुर, गौरीशंकर श्रीवास, किरण उसेंडी, बृजलाल राठौर, टीकाराम वर्मा, प्रदेश मंत्री राकेश तिवारी, आकाश गुप्ता, खिलावन शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री रवीश गुप्ता, विलास सुतार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश सिंह राजपूत, रवि मिश्रा और अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

